दिनांक 18.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मतदान केन्द्रो में मतदाताओं असुविधा न हो व्यवस्था सुनिश्चित हो

भिलाईनगर/मतदान केन्द्रो में पानी , बिजली, सफाई, दिव्यांगजनो के लिए रैम्प सिढ़ी तथा महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग प्रशाधन की व्यवस्था हो मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए।

विधानसभा 65 भिलाईनगर के रिटर्निंग आफिसर एवं आयुक्त रोहित व्यास ने बुधवार को खुर्सीपार गौतम नगर के पंचशील स्कूल के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया , उन्होने जोन आयुक्त से कहा कि सभी केन्द्रो में मतदाता के प्रवेश तथा निकासी के लिए दरवाजे हो मतदान केन्द्र में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त हो उन्होने दिव्यांग मतदाताओं के लिए तत्काल रैम्प बनाने को कहा श्री व्यास स्कूल में बनाये गये 6 मतदान केन्द्रो के कमरो को घूम-घूम कर देखे और आवश्यक निर्देश दिए स्कूल प्रागंण की पर्याप्त सफाई करने को कहा मतदान दल के लिए निस्तारी पानी की व्यवस्था तथा पुरूष एवं महिला दल के लिए शौचालय की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। कमरो में कक्ष क्रमांक को प्रदर्शित करने तथा मतदान केन्द्र क्रमांक दर्शाते हुए सूचक बोर्ड लगाने को कहा। सभी व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये है। रिटर्निंग आफिसर श्री व्यास ने कहा कि मतदान केन्द्रो के 2 सौ मीटर की परीधी में किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार नहीं होना चाहिए इसे भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , सहायक अभियंता प्रिया खैरवार , उपअभियंता चंद्रकांत साहू , अमित कुमार एक्का , सुपरवाइजर यू वेंकटराव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।